प्रेस नोट-जनपद सीतापुर

चोरी की घटना का अनावरण, 05 शातिर अंतर्जनपदीय चोरो का गिरोह गिरफ्तार

करीब 3.5 लाख रुपये कीमती कुल 22 अदद मोबाइल बरामद

दिनांकः-07.11.2026

पुलिस अधीक्षक सीतापुर महोदय श्री अंकुर अग्रवाल द्वारा त्यौहारो के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये हैं।

उक्त निर्देशों के अनुपालन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी श्री दुर्गेश कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी महमूदाबाद श्री कपूर कुमार के नेतृत्त्व में थाना महमूदाबाद व एसओजी पुलिस ने एक शातिर चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 05 अभियुक्तों को पैंतेपुर नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। अभियुक्तों के कब्जे से कुछ दिन पूर्व थाना क्षेत्र की एक मोबाइल दुकान से चोरी किए गए कुल **22 अदद मोबाइल फोन**, दुकान का ताला/दीवार तोड़ने में प्रयुक्त **एक अदद लोहे का सब्बल**, तथा घटना में प्रयुक्त **मो०सा० (UP 41 Z 2102)** बरामद की गई है। जिनकी अनुमानित कीमत करीब 3.5 लाख रुपये आंकी जा रही है। बरामद मोटरसाइकिल को सीज किया गया है। **उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त महेश के विरुद्ध पूर्व में भी चोरी/नकबजनी आदि जैसे अपराधों में करीब 1 दर्जन अभियोग जनपद बाराबंकी में पंजीकृत हैं।**

खुलासा व पूछताछ का विवरण:-पूछताछ करने पर अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि उन्होंने दिनांक 21/10/2026 की रात्रि में नूरपुर स्थित **'न्यू नेशनल मोबाइल'** की दुकान के पीछे सेंध (नकब) काटकर मोबाइल, कागजात और पार्ट्स चोरी किए थे। बरामद मोबाइलो का मिलान वादी मुकदमे द्वारा दी गई IMEI सूची से किया गया, जो पूर्णतः सही पाए गए। इस सम्बन्ध में थाना महमूदाबाद पर **मु0अ0सं0 414/2026 धारा 305(A)/331(4) बीएनएस** पूर्व में पंजीकृत है, जिसमें **धारा 317(2) बीएनएस** की बढ़ोत्तरी कर अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण:

1. **महेश** पुत्र स्व0 रज्जू लाल, निवासी रसूल पुर, थाना फतेहपुर, जिला बाराबंकी
2. **मनोज** पुत्र शिव प्रसाद, निवासी रसूलपुर, थाना फतेहपुर, जनपद बाराबंकी

3. **बृजेश** पुत्र स्व0 सुन्दर लाल, निवासी ग्राम रसूलपुर, थाना फतेहपुर, जिला बाराबंकी
4. **उदय राज** पुत्र देशराज, निवासी ग्राम नन्दरासी, थाना फतेहपुर, जनपद बाराबंकी
5. **मंगलम मिश्रा** पुत्र विजय कुमार, निवासी कोलदहा, थाना हैदरगढ़, जनपद बाराबंकी

बरामदगी का विवरण:-

- **3.5 लाख रुपये अनुमानित कीमत के कुल 22 अदद मोबाइल-** (विभिन्न कंपनियो -VIVO S2,Motorola Moto G37,Oppo F35,AI+ Smart Phone Pulse 2FE,AI+ Pulse 2FE,Forme F26 Ultra,Ringme Bold S17,Poco M7 5G,Realme E 85 (5G),Vivo Y195 (5G),Redmi Note 15 (5G),Redmi 15E (5G),Infinix Smart 20,Redmi A7 Pro (5G),Lava Duo 3,AI+ Nova 2Neo,Vibe 2 5G,Redmi A7 Pro,Oppo A6X,Motorola G37 Power)

- **अन्य बरामदगी:**

  घटना में प्रयुक्त **01 अदद लोहे का सब्बल** (जिसका एक सिरा धारदार है)।
  चोरी में प्रयुक्त **01 अदद मोटरसाइकिल** (Super Splendor, लाल रंग, नं0 UP 41 Z 2102 — जिसे एम.वी. एक्ट के तहत सीज किया गया है)।

पुलिस टीम थाना महमूदाबाद -प्रभारी निरीक्षक श्री सतेंद्र विक्रम सिंह, उ0नि0 इन्द्रजीत सिंह, उ0नि0 बेचन यादव, हे0का0 विशाल गुप्ता, का0 चन्द्रप्रकाश, का0 संजीव कुमार, का0 गौरव कुमार, का0 विपिन कुमार, का0 वेद प्रकाश शुक्ला

एसओजी टीम- निरीक्षक श्री अजय कुमार राय,उप निरीक्षक श्री अरविन्द शुक्ला ,हे0का0 शराफ़त अली ,हे0का0 अविनाश सिंह,हे0का0 हेमंत कुमार सिंह,हे0का0 अनुराग पाण्डेय,हे0का0 राहुल कुमार ,हे0 का0 सोहनपाल,क0आ0 गुरपाल सिंह ,का0 दीपक रंजन ,का0 प्रशांत शेखर सिंह,का पुनीत कुमार ,का0 सोनल तोमर ,का0 अमित मांगट ,का0 शैंकी,का0 ब्रह्मफूल ,म0का0 डाली रानी

आपराधिक इतिहास अभियुक्त महेश पुत्र रज्जूलाल निवासी रसूलपुर थाना फतेहपुर बाराबंकी-

1. मु0अ0स0 21/2020 धारा 380/411/457 भादवि थाना बड़्डुपुर बाराबंकी
2. मु0अ0स0 307/2019 धारा 380/457/511 भादवि थाना फतेहपुर बाराबंकी
3. मु0अ0स0 50/2020 धारा 380/457/411 भादवि थाना फतहेपुर बाराबंकी
4. मु0अ0स0 104/2021 धारा 380/457/411 भादवि थाना फतेहपुर बाराबंकी

5. मु0अ0स0 162/2021 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना फतेहपुर बाराबंकी
6. मु0अ0स0 54/2023 धारा 323/34/34/504/506 भादवि थाना फतेहपुर बाराबंकी
7. मु0अ0स0 98/2023 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना फतेहपुर बाराबंकी
8. मु0अ0स0 444/2024 धारा 323/504/506 भादवि थाना फतेहपुर बाराबंकी
9. मु0अ0स0 231/2023 धारा 25(1बी) आर्म्स एक्ट थाना महमूदाबाद जनपद सीतापुर

